**INDIAN SCHOOL MUSCAT** **085/1**

**FINAL TERM EXAMINATION- SAMPLE PAPER**

**Class. IX** **HINDI (COURSE - B )** **Time: 3 Hours**

**Marks- 80**

निर्देश

1 – इस प्रश्न–पत्र में चार खण्ड हैं : 'क', 'ख', 'ग' , और 'घ'।

2 – चारों खण्डों के उत्तर देना अनिवार्य है।

3 – कुल 17 प्रश्न और 4 पृष्ठ हैं ।

4 – कृपया उत्तर लिखने से पहले , प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

## खण्ड – क

1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

बचपन में शरारतों का अपना ही महत्त्व होता है ।वह बचपन ही क्या जो शरारतों से भरा न हो ।बचपन और शरारतों का चोली -दामन का साथ है । हममें से शायद ही कोई ऐसा होगा जिसका बचपन शरारतों के साथ न गुजरा हो ।शरारतें भी ऐसी कि जिसे यदि आज याद किया जाए तो हमारे यौवन को भी शर्म आने लगे।मेढक पकड़कर साथी की जेब में डालना , पेड़ पर चढ़कर डालियों को तेजी से हिलाकर राहगीर को भिगो देना बस्ते को जानबूझकर भिगो कर पाठशाला न जाने के बहाने करना पानी भरे गड्ढों से ही गुजरना ऐसी शरारतों की सूची काफ़ी लंबी हो सकती है ।किंतु ये सारी शरारतें केवल बचपन की ही देन हैं । हमारा यौवन इस तरह की शरारतें करने के लिए गवाही नहीं देता ।कोमल मन की कोमल भावनाओं से भरा हमारा बचपन आज भी हमारे ही भीतर है पर हम हैं कि उसे बाहर ही नहीं आने देते।आज जब हम बच्चों को उस तरह की शरारतें करते देखते हैं तब एक बार लगता है कि बच्चे ये क्या कर रहे हैं , पर तभी हमारे भीतर से आवाज आती है क्या तुमने ये सब नहीं किया ?

आज हमारा बचपन तो हमारे साथ है पर हमारे बच्चों का बचपन शायद उनसे दूर जा रहा है । बारिश के बहते पानी में उनकी कागज की कश्ती कहीं दूर चली गई है । उनकी हरकतों मे अल्हड़ता वह मस्ती वह उमंग दिखाई नहीं देती ।जिसे हमने विरासत में पाया । हमारे बचपन में तो चॉद पर परियॉ रहती थीं पर हामरे बच्चों के बचपन में परी तो नहीं रहती बल्कि चॉद पर क्या सचमुच जीवन है या नहीं यहीं उनके शोध का विषय बना हुआ है ।कॉपी किताबों टी. वी. चैनल कंप्यूटर ने उनके बालपन को सीधे यौवन में पहुॅचा दिया है । उनका बचपन स्कूल टी. वी. ट्यूशन और होम वर्क में बॅटकर रह गया है ।

क - आज के बच्चों का बचपन कैसा हो गया है ? **2**

ख - बचपन कैसा होना चाहिए ? **2**

ग - आज जब हम बच्चों को शरारत करते देखते हैं तो क्या लगता है ? **2**

घ - गद्यांश में बचपन में की जाने वाली कौन कौन सी शरारतों का जिक्र हुआ है ? **2**

च - उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । **1**

**2- निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए: 6**

नए युग में विचारों की नई गंगा कहाओ तुम
कि सब कुछ जो बदल दे, ऐसे तूफान में नहाओ तुम।
अगर तुम ठान लो तो आँधियों को मोड़ सकते हो
अगर तुम ठान लो तारे गगन के तोड़ सकते हो
अगर तुम ठान लो तो विश्व के इतिहास में अपने-
सुयश का एक नव अध्याय भी तुम जोड़ सकते हो
तुम्हारे बाहुबल पर विश्व को भारी भरोसा है-
उसी विश्वास को फिर आज जन-जन में जगाओ तुम।
पसीना तुम अगर इस भूमि में अपना मिला दोगे
करोड़ों दीन-हीनों को नया जीवन दिला दोगे।
तुम्हारी देह के श्रम-सीकरों में शक्ति है इतनी-
कहीं भी धूल में तुम फूल सोने के लिका दोगे।
नया जीवन तुम्हारे हाथ का हल्का इशारा है।
इशारा कर वही इस देश का फिर लहलहाओ तुम।

**क** यदि भारतीय नवयुवक दृढ़ निश्चय कर लें तो क्या-क्या कर सकते हैं? **2**

**ख** कहीं भी धूल में तुम फूल सोने के खिला दोगे- स्पष्ट कीजिए। **2**

**ग** नवयुवकों से क्या-क्या करने का आग्रह किया जा रहा है? **2**

## <u>खण्ड – ख</u>

**3 - क- निम्नलिखित शब्दों का वर्ण -विच्छेद कीजिए- 2**

**वार्तालाप, संबंध**

**4 क -निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थानों पर अनुस्वार और अनुनासिक का प्रयोग कीजिए - 2**

**धुरधर , जलियावाला , कठ, ऊचा**

**ख -निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थानों पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए - 1**

**जख्म , मजहब**

**5 - क- निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए - 2**

**अनियंत्रण , साकार**

**ख - निम्नलिखित शब्द में से मूलशब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए - 1**

**मनोहारी**

6 - क - संधि विच्छेद कीजिए - 2

गायक, अत्याचार

ख - संधि कीजिए - 2

उत्+ नत , नम: + ते

7 - निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम- चिह्न लगाइए - 3

क - मित्रों ने आते ही पूछा क्या यहॉ गाना बजाना होगा

ख -अरे आसमान में बादल घिर आए

## खण्ड – ग

8 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क -सर चंद्रशेखर वेंकट रामन के जीवन से प्राप्त होने वाले संदेश को अपने शब्दों में लिखिए । 2

ख -सबके कल्याण हेतु अपने आचरण को सुधारना क्यों आवश्यक है 'धर्म की आड़` पाठ के आधार पर लिखिए । 2

ग -चलते- पुरजे लोग धर्म के नाम पर क्या करते हैं ?'धर्म की आड़` पाठ के आधार पर लिखिए । 1

9 - महादेव जी के किन गुणों ने उन्हें सबका लाड़ला बना दिया?'शुक्रतारे के समान .` पाठ के आधार पर लिखिए। 5

10 -क- सुखिया के पिता पर कौन-सा आरोप लगाकर उसे दंडित किया गया ? 2

ख- 'अग्नि पथ' कविता का मूलभाव क्या है ? स्पष्ट कीजिए। 2

ग- नदी का किनारों से कुछ कहते हुए बह जाने पर गुलाब क्या सोच रहा है? गीत -अगीत कविता के आधार पर लिखिए। 1

11- 'खुशबू रचते हैं हाथ ` कविता लिखने का मुख्य उद्देश्य क्या है? 5

12- सरदार पटेल देशभक्ति की मिसाल थे । उन्होंने कहा, 'मैं चलता हूँ ।अब आप की बारी है।'-इस कथन का आशय' दिये जल उठे ' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए । 5

## खण्ड – घ

13- दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए - 5

क- सच्चा सुख परोपकार में :


* परोपकार का अर्थ
* प्रकृति से परोपकार की शिक्षा
* मन को सुख

ख - गया वक्त फिर हाथ नहीं आता :
* समय की पहचान
* समय का सदुपयोग करना
* उचित समय की तलाश

ग- स्वस्थ जीवन के लिए व्यायाम :
* शरीर और मन की स्वच्छता
* व्यायाम ,आसन
* शारीरिक और मानसिक विकास

14- अपने विद्यालय में मनाए गए वार्षिकोत्सव का वर्णन करते हुए अपने दादा जी को पत्र लिखिए । 5

15- नीचे बने चित्र को देखकर इसका वर्णन 25-30 शब्दों में कीजिए - 5



16- अपनी कक्षा और विद्यालय की स्वच्छता को लेकर दो विद्यार्थियों के बीच हुए संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए । 5

17- किसी नए घर को बेचने के लिए लगभग 25 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । 5

**END OF SAMPLE QUESTION PAPER**